हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

02सितम्बर 2024, समय 1810

- सर्वोच्च न्यायालय ने  शंभू बोर्डर पर प्रदर्शनकारी किसानों की शिकायतों को सौहार्दपूर्ण तरीके से निपटाने के लिए पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति नवाब सिंह की अध्यक्षता में  समिति गठित की।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नई दिल्ली के पार्टी मुख्यालय में भारतीय जनता पार्टी के सदस्यता अभियान शुरू किया ।
- जननायक जनता पार्टी के पूर्व नेता देवेन्द्र सिंह बबली ,सुनील सांगवान और  संजय कबलाना  भारतीय जनता पार्टी में शामिल हुए ।
- केंद्रीय मंत्रिमंडल ने कुल दो हजार, 817 करोड़ रुपये की लागत वाले डिजिटल कृषि मिशन को मंजूरी  दी।
- हरियाणा के वित्त मंत्री जय प्रकाश दलाल ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी अगले दो दिनों में अपने उम्मीदवार घोषित करेगी।

.....................................................................................

सर्वोच्च न्यायालय ने आज शंभू बोर्डर पर प्रदर्शनकारी किसानों की शिकायतों को सौहार्दपूर्ण तरीके से निपटाने के लिए पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति नवाब सिंह की अध्यक्षता में एक समिति का गठन किया।सर्वोच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने समिति को एक सप्ताह के भीतर अपनी पहली बैठक करने का निर्देश दिया।

शीर्ष अदालत ने कहा कि किसानों के मुद्दों का राजनीतिकरण नहीं किया जाना चाहिए और समिति को चरणबद्ध तरीके से इस पर विचार करना चाहिए। सर्वोच्च न्यायालय ने यह भी कहा कि किसान अपने शांतिपूर्ण आंदोलन को वैकल्पिक स्थलों पर स्थानांतरित करने के लिए स्वतंत्र होंगे।काबिले गौर है कि अदालत ने हरियाणा सरकार की उस याचिका पर सुनवाई करते हुए समिति का गठन किया है, जिसमें उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती दी गई है। उच्च न्यायालय ने राज्य सरकार को एक सप्ताह के भीतर अंबाला के पास शंभू बोर्डर पर लगाए गए बैरिकेड्स हटाने के निर्देश दिये थे। किसान 13 फरवरी से शंभू बोर्डर पर डेरा डाले हुए हैं।

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज नई दिल्ली के पार्टी मुख्यालय में भारतीय जनता पार्टी के सदस्यता अभियान की शुरूआत की। यह अभियान नए सदस्यों की भर्ती और पार्टी के मौजूदा सदस्यों पर ध्यान केंद्रित करेगा। श्री मोदी ने फिर से पार्टी की सदस्यता ग्रहण की और पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा से अपनी सदस्यता के नवीनीकरण का प्रमाण पत्र प्राप्त किया। यह अभियान आज से दस नवंबर तक चरणबद्ध तरीके से आयोजित किया जाएगा। सदस्यता अभियान का पहला चरण इस महीने की 25 तारीख को संपन्न होगा। हमारे संवाददाता ने बताया कि बीजेपी का, चुनाव वाले राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को छोडकर पूरे देश में अपने सदस्यता अभियान के हिस्से के रूप में कम से कम दस करोड़ नए सदस्यों की भर्ती करने का लक्ष्य है।

.................................................................................

जननायक जनता पार्टी के पूर्व नेता देवेन्द्र सिंह बबली सुनील सांगवान और संजय कबलाना आज दिल्ली स्थित पार्टी मुख्यालय में भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गये। बीजेपी के राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह की उपस्थिति में इन्हें पार्टी में शामिल किया गया। जननायक जनता पार्टी हरियाणा में राजनीतिक दल है जिसका नेतृत्व पूर्व उप-मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला करते हैं।उल्लेखनीय है कि कल जींद में हुई जन आशीर्वाद रैली के दौरान जननायक जनता पार्टी के विधायक राम कुमार गौतम, अनूप धानक और जोगी राम सिहाग भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गए थे।

.................................................................................

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने कुल दो हजार, 817 करोड़ रुपये की लागत वाले डिजिटल कृषि मिशन को मंजूरी दे दी है। आज नई दिल्ली में सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मीडिया को बताया कि मंत्रिमंडल की बैठक में किसानों के जीवन में सुधार और उनकी आय बढ़ाने के लिए कई महत्वपूर्ण फैसले लिए गए हैं।केंद्रीय मंत्रिमंडल ने खाद्य एवं पोषण सुरक्षा के लिए तीन हजार, 979 करोड़ रुपये की लागत वाली योजना को मंजूरी दी है।सरकार ने दो हजार, 291 करोड़ रुपये की लागत से कृषि शिक्षा और प्रबंधन को मजबूत करने का भी निर्णय लिया है। मंत्रिमंडल की बैठक में एक हजार,702 करोड़ रुपये की लागत से पशुधन स्वास्थ्य और उनकी जनसंख्या बढ़ाने की योजना को भी मंजूरी दी गई। इसके अलावा 860 करोड़ रुपये की लागत से बागवानी के सतत विकास कार्यक्रम को स्वीकृति दी गई। एक हजार, 202 करोड़ रुपये की लागत से कृषि विज्ञान केंद्रों और एक हजार, 115 करोड़ रुपये

की लागत से प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन को भी मजबूत करने का निर्णय लिया गया है।

---

सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने सोशल मीडिया पर साझा की जा रही ऐसी खबरों का खण्डन किया है जिन में कहा गया है कि "कौशल भारत कुशल भारत योजना" के तहत ग्राहक सेवा प्रतिनिधियों की नियुक्ति और लोगों को 28 हजार रुपये का मानदेय दिया जाएगा। इसके अतिरिक्त मंत्रालय ने नियुक्ति से पहले 1350 रुपये का पंजीकरण शुल्क देने संबंधी दावे का भी खण्डन किया है।

---

हरियाणा के वित्त मंत्री जय प्रकाश दलाल ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी आगामी 2 दिनों में अपने उम्मीदवार घोषित कर देगी।आज भिवानी के लोहारू हलके के विभिन्न गांवों का दौरा करने के बाद पत्रकारों से बातचीत में श्री दलाल ने कहा कि उम्मीदवारों के नामों को अंतिम रूप देने के लिए गहनता से मंथन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पार्टी जिताऊ उम्मीदवारों को आगे लाने पर काम कर रही है। चुनावी मुद्दे पर उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी विकास के मुद्दे पर चुनाव लड़ने जा रही है। श्री दलाल ने ग्रामीणों से विकास के नाम पर वोट भी मांगे और बीजेपी सरकार द्वारा मेरिट के आधार पर नौकरी दिए जाने, किसानों को उचित मुआवजा देने और लोहारू हलके में अंतिम छोर तक नहरी पानी पहुंचाने सहित विभिन्न उपलब्धियों का जिक्र किया। उन्होंने उम्मीद जताई कि चुनाव में लोग विकास के नाम पर मतदान करेंगे।

---

पेरिस पैरालिंपिक में योगेश कथुनिया ने आज पुरुषों के डिस्कस थ्रो एफ-56 स्पर्धा में रजत पदक जीत लिया। उन्होंने पहले ही प्रयास में 42.22 मीटर की दूरी तक चक्का फेंक कर सीजन में अपने सर्वश्रेष्ठ

प्रदर्शन के साथ लगातार दूसरा पैरालंपिक रजत पदक जीता।आज रात पुरुष सिंगल्स के एसएल-4 श्रेणी के फाइनल में सुहास यतिराज का सामना फ्रांस के लुकास मजूर से होगा। वहीं, पुरुष सिंगल्स के एसएल-4 श्रेणी के कांस्य पदक मुकाबले में सुकांत कदम अपनी चुनौती पेश करेंगे।महिला सिंगल्स बैडमिंटन की एसयू5 फाइनल स्पर्धा में आज रात तुलसीमथी मुरुगेसन का सामना चीन की यांग शू जिया से होगा। आज तीरंदाजी और भालाफेंक में भी पदक के लिए भारतीय खिलाडी अपनी दावेदारी पेश करेंगे।समाचार लिखे जाने तक भारत ने एक स्वर्ण, तीन रजत और चार कांस्य के साथ अब तक कुल आठ पदक जीतें हैं।

.....................................................................................

जींद के पांडु पिंडारा स्थित पिंडतारक तीर्थ पर सोमवार को सोमवती अमवस्या पर लाखों श्रद्धालुओं ने सरोवर में स्नान किया तथा पिंडदान कर तर्पण किया।ऐतिहासिक पिंडतारक तीर्थ पर कल श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए प्रशासन द्वारा सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किए गए और वाहनों की पार्किंग के लिए भी विशेष व्यवस्था की गई।महाभारत काल से ही सोमवती अमवस्या पर यहां पिण्डदान करने का विशेष महत्व है मन जाता है कि महाभारत युद्ध के बाद पांडवों ने पूर्वजो की शांति के लिए यहां 12 वर्ष तक सोमवती अमवस्या की प्रतीक्षा में तपस्या की और अमवस्या आने पर अपने पूर्वजों की आत्मा की शांति के लिए पिण्डदान किया ।तब से ही यहां श्रद्धालु यहां पूर्वजों के लिए मोक्ष कि कामना के साथ पिण्डदान करते है ।वहीँ कुरुक्षेत्र के ब्रह्मसरोवर पर

आज विभिन्न राज्यों से आये श्रद्धालुओं ने स्नान कर पूजा अर्चना की और पितृ शांति के लिए पिण्डदान व अन्य विधि विधान किए।

..............................................................................

हरियाणा के कई ज़िलों में आजक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनो और वी वी पैट मशीनों की पहली रेंडमाईज़ेशन की गई । अंबाला के ज़िला निर्वाचन अधिकारी पार्थ गुप्ता ने बताया की आज राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के समक्ष968 मतदान केंद्रों के लिए इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनो और वी वी पैट मशीनों की पहली रेंडमाईज़ेशन की गई।उन्होंने बताया कि पूरी गतिविधि की वीडियोग्राफ़ी भी करवाई गई । ई वी एम प्रबंधन प्रणाली के तहत यह सारा काम किया गया ।उन्होंने बताया कि रेंडमाईज़ेशन का काम भारत इलेक्ट्रॉनिक्स के इंजीनियरों ने किया । बाद में ई वी एम और वी वी पैट आवंटित की गई ।पंचकुला मे भी आज पहली रेंडमाईज़ेशन की गई। ज़िला निर्वाचन अधिकारी ने डॉ यश गर्ग ने भी बताया कि राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के समक्ष सभी मतदान केंद्रों के लिए इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनो और वी वी पैट मशीनों की पहली रेंडमाईज़ेशन की गई ।